# Dr.K.K.R GOWTHAM (E.M) HIGH SCHOOL :: GUDIVADA

**X Hindi (State) Pre-final - 3**

**Time : 3 Hours** **Max. Marks : 100**

---

सूचनाएँ : 1) प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए 15 मिनट निर्धारित है ।
2) सभी प्रश्नों के उत्तर, उत्तर पुस्तिका में ही लिखो ।
3) प्रश्न पत्र में तीन भाग हैं ।

---

**I.** निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए । 12x1 = 12

1. मन भावन सावन बार-बार आये । (रेखांकित शब्द का सही तत्सम रूप पहचान कर लिखिए ।)

| सारस | श्रावण | सवाना |
|---|---|---|

2. वह सुबह जल्दी उठता है । (क्रिया-विशेषण शब्द पहचानकर लिखिए ।)
3. 1910 - को हिंदी अक्षरों में लिखिए ।
4. बीच-बीच ..... छोटे-छोटे तालाब भी मिलते हैं । (उचित कारक चिह्न से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए ।)
5. भारतवासी गंगाजल को पवित्र मानते हैं ।(वाक्य के आधार पर सही जोडी पहचान कर लिखिए ।)
   भारतवासी - द्वंद्व समास गंगाजल - तत्पुरुष समास
6. भारत के उत्तर में **हिमालय** पर्वत हैं । (रेखांकित शब्द का संधि-विच्छेद कीजिए ।)
7. दूसरे देश का रहनेवाला - एक शब्द में लिखो ।
8. 'परलोक सिधारना' - इस मुहावरे का अर्थ निम्न में से पहचान कर लिखिए ।

| मर जाना | गाँव जाना | आराम करना |
|---|---|---|

9. गायक गाना गाता है । (लिंग बदलकर वाक्य फिर से लिखिए ।)
10. मज़दूर मेहनत करता है । (वचन बदलकर वाक्य फिर से लिखए ।)
11. लडका रोटी खाता है । (इस वाक्य को भूतकाल में बदलकर लिखिए ।)
12. तुम तुम्हारा काम करो । (इस वाक्य को शुद्ध रूप में लिखिए ।)

प्रश्न संख्या 13 से 18 तक दिये गये गद्यांश, पद्यांश एवं विज्ञापनों को पढ़कर निर्देश के अनुसार उत्तर दीजिए । प्रत्येक प्रश्ने के लिए चार अंक निर्धारित है ।

13. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर, अनुच्छेद में से ही पहचानकर लिखिए । 4x1 = 4

पहाडियों के अपने-अपने गीत हैं । उनके अपने-अपने भिन्न रूप होते हुए भी अशास्त्रीय होने के कारण उनमें अपनी एक समान भूमि है । गढ़वाल, किन्नौर, काँगडा आदि के अपने-अपने गीत और उन्हें गाने की अपनी-अपनी विधियाँ हैं । उनका अलग नाम ही 'पहाडी' पड गया है ।

प्रश्न :

अ) 'पहाड' शब्द का पर्याय शब्द लिखिए ।
आ) 'अ' उपसर्ग से प्रयुक्त शब्द पहचानकर लिखिए ।
इ) 'ई' प्रत्यय से प्रयुक्त शब्द पहचानकर लिखिए ।
ई) 'समान' शब्द का विलोम शब्द पहचानकर लिखिए ।

14. **निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर, दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए ।** **4x1 = 4**

मिठाइयों के बाद लोहे की चीज़ों की दुकाने आती हैं । कई चिमटे रखे हुए थे । हामिद को ख्याल आता है कि दादी के पास चिमटा नहीं हैं । तवे से रोटियाँ उतारती हैं तो हाथ जल जाते हैं, अगर चिमटा ले जाकर दादी को दे दें, तो वह कितनी प्रसन्न होंगी ।

प्रश्न :

अ) मिठाइयों के बाद किन चीज़ों की दुकानें आती हैं ?

आ) हामिद को किसका ख्याल आता है ?

इ) तवे से क्या उतारी जाती है ?

ई) किसके पास चिमटा नहीं है ?

15. **निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर, दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर उत्तर पुस्तिका में लिखिए ।** **4x1 = 4**

एक गाँव में एक लकडहारा रहता था । वह बहुत मेहनती और ईमानदार था । कडी मेहनत के कारण वह कमज़ोर हो गया था । एक दिन जंगल में लकडी काट रहा था । वहाँ उसे एक साधु मिला । लकडहारे की दशा देखकर साधु को उस पर दया आ गयी । उसने लकडहारे से कहा - आगे बढ़ते जाओ । इतना कहकर साधु चला गया ।

अ) लकडहारा कैसा आदमी था ?

A) मेहनती B) कमज़ोरी C) डरपोक D) आलसी

आ) कडी मेहनत के कारण लकडहारा क्या बना ?

A) बलवान B) बुद्धिमान C) कमज़ोर D) धनवान

इ) जंगल में लकडहारे ने किससे मिला ?

A) भिखारी B) राजा C) साधु D) मित्र

ई) साधु ने लकडहारे से क्या कहा ?

A) पीछे जाओ B) रुक जाओ C) आगे बढ़ते जाओ D) ऊपर देखो

16. **निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर, दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए ।** **4x1 = 4**

नर-समाज का भाग्य एक है,
वह श्रम, वह भुजबल है ।
जिसके सम्मुख झुकी हुई,
पृथ्वी, विनीत नभ-तल है ॥

प्रश्न :

अ) नर-समाज का भाग्य क्या है ?

आ) पृथ्वी कैसी झुकी है ?

इ) जो श्रम करता है उसके सम्मुख कौन झुकते है ?

ई) श्रम-जल बहानेवाला कौन है ?

17. **निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर, दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर उत्तर पुस्तिका में लिखिए ।** **4x1 = 4**

रोज सबेरे वह उठ जाता
सभी काम खुद ही निपटाता ।
मेहनत कडी, इरादे पक्के
इसीलिए किसान कहलाता ॥

प्रश्न :

अ) रोज सबेरे कौन उठता है ?

A) किसान B) सेठ C) दुकानदार D) अमीर

आ) वह अपने काम किसकी सहायता से निपटाता है ?

A) दूसरों की B) तीसरों की C) स्वयं की D) सभी की

इ) वह कैसी मेहनत करता है ?

A) हल्की B) कडी C) बल्की D) छोटी

ई) कविता में किस समय का वर्णन है ?

A) सवेरे B) दोपहर C) शाम D) रात

18. निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर, दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर उत्तर पुस्तिका में लिखिए । 4x1 = 4

**जि.एल. इलेक्ट्रॉनिक्स, नई दिल्ली**

**द्वारा निर्मित श्रेष्ठतम रंगीन एल.सी.डी.**




**एक दम अनूठा सोनू रंगीन एल.सी.डी.**

**विशेषताएँ :**

- **अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों के अनुरूप**
- **पाँच वर्ष की गारंटी**
- **वूफ़र सिस्टम**
- **किफ़ायती मूल्य**

प्रश्न :

अ) यह विज्ञापन किस उत्पादन से संबंधित है ?

A) टी.वी. B) एल.सी.डी.टी.वी. C) कंप्यूटर D) मानिटर

आ) यह उत्पादन किस संस्था से संबंधित है ?

A) जी.के. इलेक्ट्रॉनिक्स B) जी.एल. इलेक्ट्रॉनिक्स

C) सोनू इलेक्ट्रॉनिक्स D) जी.डि. इलेक्ट्रॉनिक्स

इ) इस उत्पादान पर कितने प्रतिशत छूट है ?

A) पचपन B) चालिस C) पचास D) साठ

ई) इस उत्पादान का गारंटी कितने साल का है ?

A) दो B) तीन C) चार D) पाँच

II. अ) निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर छह पंक्तियों में लिखिए । 2x4 = 8

19. उलझनों से बचे रहने के लिए हमें कैसी सावधानियाँ लेनी चाहिए ?

20. कलाम के विचार में 'आदर्श छात्र' के गुण क्या हैं ?

आ) निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए । 8x2 = 16

21. वर्षा सभी प्राणियों के लिए जीवन का आधार है । - कैसे ?
22. संत किसे कहते हैं ?
23. 'बिदेसिया' लोकगीत के बारे में आप क्या जानते हैं ?
24. काका कालेलकरजी का साहित्यक परिचय दीजिए ।
25. हमारे जीवन में जल का क्या महत्व है ?
26. शांति की परिभाषा क्या हो सकती है ? अपने शब्दों में बताइए ।
27. *अरुणा व चित्रा दोनों के स्वभाव के बारे में अपने विचार बताइए ।*
28. राजा कुमारवर्मा के राज्य में अकाल की स्थिति क्यों उत्पन्न हुई होगी ?

III. निम्न लिखित निबंधात्मक प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए ।

अ) किसी एक प्रश्न का उत्तर 12 - 15 पंक्तियों में लिखिए । 1x8 = 8

29. 'बरसते बादल' कविता में प्रकृति का सुंदर चित्रण है । उसे अपने शब्दों में लिखिए ।
30. मीरा के पद के भाव अपने शब्दों में लिखिए ।

आ) किसी एक प्रश्न का उत्तर 12 - 15 पंक्तियों में लिखिए । 1x8 = 8

31. 'स्वराज्य की नींव' एकांकी का सारांश अपने शब्दों में लिखिए ।
32. चेन्नई से राजमहेंद्री जाते समय लेखक की भावनाएँ कैसी थीं ?

इ) संकेत शब्दों के आधार पर कहानी लिखिए । 1x8 = 8

33. एक जंगल .... खरगोश और कछुआ .... अपनी फुर्ती ....गर्व .... हमेशा कछुए को .... एक दिन खरगोश .... तुम्हारे और मेरे बीच दौड .... मुझे मंजूर है .... ऊँची पहाड तक .... दौड आरंभ .... खरगोश .... काफी आगे .... आराम करना .... गहरी नींद .... धीरे-धीरे .... आगे निकल .... विजय रेखा .... नींद टूटी .... सिर शर्म .... झुक गया ।

ई) किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए । 1x8 = 8

34. अपने मित्र को पत्र लिखकर अपनी भावी योजनाओं के बारे में लिखिए ।
35. पुस्तकें खरीदने के लिए रुपये माँगते हुए अपने पिता के नाम एक पत्र लिखिए ।

उ) किसी एक विषय पर निबंध लिखिए । 1x8 = 8

36. आजकल की परिस्थितियों में दूरदर्शन का अनुपम स्थान है । इस पर एक निबंध लिखिए ।
37. किसी एक त्यौहार का वर्णन करते हुए एक निबंध लिखिए ।